CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:41 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:05 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 192 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 21 जनवरी 2026



बॉर्डर 2 का ट्रिब्यूट ट्रेलर रिलीज...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दावोस जा रहे ट्रंप के विमान में तकनीकी खराबी, बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा

दावोस। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विमान एयर फोर्स वन मंगलवार शाम स्विट्जरलैंड के लिए रवाना होने के करीब एक घंटे बाद जॉइंट बेस एंड्रयूज लौट आया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने बताया कि उड़ान भरने के बाद विमान में मामूली विद्युत तकनीकी समस्या सामने आई, जिसके बाद एहतियातन वापस लौटने का फैसला लिया गया। विमान में मौजूद एक पत्रकार के अनुसार, टेकऑफ के कुछ देर बाद प्रेस केबिन की लाइट्स कुछ समय के लिए बंद हो गई थीं। हालांकि, उस वक्त कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया। उड़ान के लगभग आधे घंटे बाद पत्रकारों को सूचित किया गया कि विमान वापस लौट रहा है। एयर फोर्स वन विमान सुरक्षित रूप से वॉशिंगटन डीसी क्षेत्र में उतार लिया गया।

### रेलवे फाटक मरम्मत कार्य के कारण यातायात डायवर्जन

हल्द्वानी। कल गुरुवार 22 जनवरी को प्रातः 8 बजे से रात्रि 2 बजे तक छत्तरपुर-हल्दी रोड रेलवे स्टेशनों के मध्य रूद्रपुर-हल्द्वानी रेल मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 104/ए (किमी 53/10-11) पर मरम्मत कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के कारण संबंधित रेलवे फाटक को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु डायवर्जन प्लान लागू रहेगा— शहर हल्द्वानी से रामपुर रोड होते हुए रूद्रपुर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के दुपहिया, चौपहिया वाहन, रोडवेज एवं निजी बसें सिंधी चौराहा से डायवर्ट होकर बरेली रोड होते हुए लालकुँआ से किच्छा नगला बाईपास के माध्यम से अपने गंतव्य को जाएंगी। सुशीला तिवारी चिकित्सालय की ओर से रामपुर रोड होते हुए रूद्रपुर की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के दुपहिया, चौपहिया, भारी वाहन, रोडवेज एवं निजी बसें टीपी नगर / शीतल होटल / गन्ना सेंटर से डायवर्ट होकर लालकुंआ से किच्छा नगला बाईपास के माध्यम से अपने गंतव्य को जाएंगी यह डायवर्जन व्यवस्था 22 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे से रात्रि 20:30 बजे तक प्रभावी रहेगी। आम नागरिकों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

## मौसम: 23-24 को भारी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में 22 जनवरी से मौसम बदलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 22 जनवरी को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से ठंड परेशान कर सकती है। उधर, 23 और 24 जनवरी को बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से विशेष प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए 23-24 जनवरी को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। इन दो दिनों में उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले



के 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी की संभावना जताई गई है। जिसके चलते पर्वतीय इलाकों में शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है।

इसका असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा। हिदायत जारी करते हुए कहा, 23 जनवरी को भारी बर्फबारी होने से पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में सड़कें बंद हो सकती है।

### पाले से सुबह व शाम को बढ़ी ठिठुरन

नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल में भले ही इन दिनों दिन में गुनगुनी धूप से राहत जरूर मिल रही है अलबत्ता रात्रि के समय में गिर रहे पाले की वजह से सुबह व शाम के समय काफी ठंड हो रही है। बता दें कि नगर में शाम होते ही पाला गिरना शुरु हो जा रहा है जिसकी वजह से सुबह के समय घरों की छतों की चादरें पूरी तरह से पाले से सफेद नजर आ रही है ऐसा लग रहा है मानों रात्रि के समय हल्का हिमपात हुआ हो। पाले के गिरने से नगर के कई मार्गों में फिसलन भी बढ़ गयी है। दूसरी ओर दिन भर गुनगुनी धूप से फिलहाल राहत मिल रही है।

ऐसे में अनावश्यक रूप से यात्रा करने से बचने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा बिजली आपूर्ति भी बाधित हो सकती है। किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए खाद्य सामग्री की व्यवस्था पहले से करने की सलाह दी गई है। बुधवार के मौसम की बात करें तो प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने से सुबह-शाम ठंड परेशान कर सकती है।


पीएम नेतन्याहू ने दी सहमति

## ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होगा इस्राइल

नई दिल्ली
एजेंसी

गाजा में ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना को लागू करने के लिए अमेरिका सरकार ने गाजा बोर्ड ऑफ पीस का एलान किया है। शुरुआत में इस बोर्ड ऑफ पीस को लेकर इस्राइल ने नाराजगी जताई थी, लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल ने इसमें शामिल होने की सहमति दे दी है।

गाजा में ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना को लागू करने के लिए अमेरिका सरकार ने गाजा बोर्ड ऑफ पीस का एलान किया है। शुरुआत में इस बोर्ड ऑफ पीस को लेकर इस्राइल ने नाराजगी जताई थी, लेकिन अब मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल ने इसमें शामिल होने की सहमति दे दी है। अमेरिका ने शनिवार को बोर्ड ऑफ पीस में शामिल सदस्यों के नाम का एलान किया था, जिसमें तुर्किए के विदेश मंत्री, कतर सरकार के प्रतिनिधि, ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर का नाम शामिल है। इस्राइल के सुरक्षा मंत्री ने बोर्ड ऑफ



पीस के गठन को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा, गाजा को किसी प्रशासनिक समिति की जरूरत नहीं है बल्कि गाजा को सिर्फ हमास के आतंकियों से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। इस्राइल के विपक्षी नेता येर लापिड ने भी बोर्ड ऑफ पीस के एलान को इस्राइल के लिए कूटनीतिक असफलता बताया था। यह बोर्ड ऑफ पीस का सबसे शीर्ष निकाय है, जो गाजा में शांति लाने के लिए रणनीतिक दृष्टि तय करता है।

इसकी अध्यक्षता खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पास रखी है और उनके पास सभी निर्णयों पर वीटो की ताकत है। इस परिषद में अमेरिका के मौजूदा विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रंप के सलाहकार और पश्चिम एशिया में ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा जैसे सदस्य शामिल किए गए हैं।

## चर्चित ब्लागर ज्योति अधिकारी को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हाल के दिनों में चर्चित ब्लागर ज्योति अधिकारी के द्वारा देवी देवताओं व पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ गलत भाषा का चयन करके अपमानजनक शब्द बोलने पर उनके खिलाफ सात में से पांच दर्ज मुकदमों पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद शीतआवकाशकालीन न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने उनको राहत देते हुए पांचों मुकदमों में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है साथ में कोर्ट ने राज्य सरकार से तीन सप्ताह में अपना जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने ज्योति अधिकारी से कहा है कि जो इससे संबन्धित पोस्ट उनके द्वारा सोशियल मीडिया में पोस्ट की हैं उन्हें तुरंत हटाएं जिससे कि और कोई आहत न को। सोशियल मीडिया में पोस्ट करते वक्त उचित भाषा का चयन करना आवश्यक है जिससे कोई आहत न हो।

मामले के अनुसार बलागर हल्द्वानी निवासी ज्योति अधिकारी के द्वारा अंकिता भण्डारी हत्या के आंदोलन के दौरान शोसियल मीडिया और धरना प्रदर्शन करते वक्त देवी देवताओं व पहाड़ की महिलाओं के खिलाफ हाथ में दराती लेकर गलत भाषा का चयन करके अपमानजनक शबद बोले गए जिससे काफी विवाद



उत्पन्न हो गया था। उनके द्वारा कहे गए शबदों से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई, इससे नाराज होकर उनके खिलाफ हल्द्वानी सहित कई जगहों पर सात मुकदमे दर्ज हुए, जिनमे से उनको दो मुकदमों में जेल जाना पड़ा जबकि बाकि पांच मुकदमों में मंगलवार को उच्च न्यायलय ने सुनवाई के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी । हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा देवी देवताओं व पहाड़ की महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शबद अपने फलोवर बढ़ाने के लिए कहे गए। जिससे पहाड़ की महिलाएं आहत हुई। एक बलॉगर को ऐसे शबद नहीं कहने चाहिए जिससे किसी की आत्मा व भावनाओं को ठेस पहुंचे।

याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा सोशियल मीडिया से ये पोस्ट हटा दी गयी हैं अन्य जो हैं उन्हें भी हटा दिया जाएगा। दो केसों में वह 6 दिन की जेल की सजा काट चुकी है। इसलिए अन्य पांच केसों में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए।

## चट्टान गिरने से पौड़ी हाईवे बाधित, दो दिनों तक आवाजाही ठप

देहरादून
हमारे संवाददाता

गुमखाल और सतपुली के बीच चल रहे पौड़ी हाईवे के चौड़ीकरण के दौरान मंगलवार दोपहर 12 बजे कुल्हाड़ व सतपुली मल्ली के बीच पहाड़ी से मलबे के साथ चट्टान गिरने से हाईवे बाधित हो गया। आवाजाही ठप होने से हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। हल्के वाहन वैकल्पिक मार्ग रैंतपुर होते हुए सतपुली बाजार से निकाले गए हैं। एनएच प्रशासन की ओर से बोल्डरों को तोड़ने के लिए ब्रेकर मशीन लगाई गई है। चट्टान टूटने से सतपुली मल्ली की सड़क को भी नुकसान पहुंचा है। तहसीलदार ने बताया कि हाईवे करीब दो दिन तक बंद रहेगा। गुमखाल और सतपुली के बीच कई जगहों पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। मंगलवार दोपहर को पूर्व की भांति मशीनों से हाईवे चौड़ीकरण का काम चल रहा था। करीब 12 बजे पहाड़ कटिंग के दौरान कुल्हाड़ व सतपुली मल्ली के बीच बड़ी मात्रा में बोल्डर व मलबा हाईवे पर आ गया। तब से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

हाईवे पर आवाजाही ठप होने के बाद छोटे वाहनों ने वैकल्पिक मार्ग रैंतपुर के कच्चे रास्ते से सतपुली बाजार तक आवाजाही शुरू कर दी है। भारी वाहन दिनभर हाईवे के खुलने का इंतजार करते रहे।

## धार्मिक स्थलों पर हो, भीड़ नियंत्रण ताकि भगदड़ से बचा जा सके: मंडलायुक्त

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मंडलायुक्त दीपक रावत ने प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण तथा धार्मिक यात्राओं को सरल, सुखद और सुरक्षित बनाने हेतु कुमाऊं मंडल के सभी डीएम, एसएसपी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न जनपदों में स्थित धार्मिक स्थलों यथा-कैंची धाम, मां गर्जिया देवी, जागेश्वर, मां पूर्णागिरी,हाट कालिका, बागनाथ आदि प्रमुख धार्मिक स्थलों में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भीड़ एवं व्यवस्था प्रबंधन के प्रभावी उपाय किए जाएं।

भविष्य की स्थायी व्यवस्था हेतु लॉन्ग टर्म परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार कर 15 दिन के भीतर भेजे जाएं, जिनमें यातायात व्यवस्था सुधार,



पार्किंग क्षमता एवं विस्तार, सड़क चौड़ीकरण, आपदा सुरक्षा उपकरण, तकनीकी एकीकरण एवं इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम सम्मिलित हों। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षात्मक तथा बुनियादी ढांचे की कमी का आंकलन करते हुए मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैरिकेट्स, पार्किंग एवं प्रतीक्षालय / विश्राम स्थल इत्यादि सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि आधुनिक डिजीटल सुविधाओं यथा एआई आधारित हेड काउंट एवं घनत्व निगरानी उपकरणों, वास्तविक समय निगरानी प्रणाली व सेंसर सहित इंटरनेट ऑफ थिंग्स उपकरण एवम् सर्विलांस सिस्टम आदि को उपयोग में लाया जाएं। आपदा/आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु कार्य योजना तथा स्थानीय पुलिस/अग्नि शमन सेवा और एस.डी.आर.एफ. के साथ समन्वय स्थापित किया जाय एवं आपातकालीन निकासी मार्ग की व्यवस्था की जाय। विद्युत सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए ऑडिट का प्राविधान किया जाय। धार्मिक यात्रा संबंधी दीर्घकालिक एवं तत्कालिक कार्यों को श्रेणीबद्ध करते हुए तत्काल प्रारम्भ किये जाने वाले कार्यों को त्वरित गति से सम्पादित किया जाय.इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि आवश्यकता अनुसार क्रेन, जेसीबी एवं अन्य यांत्रिक संसाधनों की डिमांड अग्रिम रूप से करें ताकि स्थल पर किसी भी आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके। उन्होंने मेले एवं विभिन्न पर्वों के दौरान कैंचीधाम में होने वाली अधिक भी? के नियंत्रण हेतु हल्द्वानी से सटल सेवा शुरू करने के लिए पार्किंग स्थल भी चयनित करने के निर्देश दिए।

# नैनीताल में डीडीए व लोनिवि ने बिडला रोड से हटाया अतिक्रमण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल की आंतरिक बिडला रोड के किनारे अतिक्रमण कर बनाई गई पार्किंग को जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) व लोनिवि की संयुक्त टीम ने मंगलवार को हटा दिया है।

बता दें कि बीते दिनों कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने क्षेत्र का निरीक्षण कर अधीनस्थों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे,जिसके बाद लोनिवि अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो सड़क में ओल्ड ग्रुप कंपाउंड की ओर से सड़क किनारे चेन लगाकर पार्किंग निर्माण किया गया है। मंगलवार को लोनिवि सहायक अभियंता तुलाराम टमटा के नेतृत्व में लोनिवि व जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने मौके पर जाकर सड? की नपाई की। इस



बीच सड़क की चौड़ाई करीब चार मीटर मिली। ओल्ड ग्रुप कंपाउंड के दस्तावेज देखने के बाद लोनिवि ने पार्किंग को एक मीटर पीछे कर दिया। लोनिवि के सहायक अभियंता तुलाराम टमटा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद अब सड़क पांच मीटर चौड़ी हो जाएगी जिससे आसानी से यातायात संचालित हो सकेगा।

## जिला अस्पताल में हुई हड्डी रोग विशेषज्ञ की वैकल्पिक व्यवस्था

**नैनीताल ।** राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में आखिरकार दो दिनों के बाद हल्द्वानी से वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ को बुलाया गया। मंगलवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ की उपस्थित के बाद मरीजों को काफी राहत मिली। बता दें कि नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ इन दिनों ट्रेनिंग पर हैं। जिसके चलते निदेशक स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए बेस अस्पताल हल्द्वानी, गरमपानी व सितारगंज से चिकित्सकों की ड्यूटी बीडी पांडे अस्पताल में लगाई गई थी। लेकिन विभागीय आदेश के बावजूद शनिवार व सोमवार को चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंचे। जिसके चलते उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को घर वापस लौटना पड़ा था । जिला अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टमटा ने बताया कि किसी कारणवश दो दिन चिकित्सक अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे लेकिन मंगलवार को चिकित्सक पहुंचे हैं अब आगे भी अस्पताल में लगातार चिकित्सक तैनात रहेंगे।

## NEWS / फटाफट

### मेधावी खिलाड़ी निहारिका राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित



**नैनीताल ।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की मेधावी खिलाड़ी निहारिका सिंह का चयन 22 जनवरी से 28 जनवरी तक इंफाल में होने जा रही 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेमस फेडरेशन आफ इंडिया के लिए उत्तराखण्ड अंडर -19 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिये हुआ है। मेधावी खिलाड़ी निहारिका सिंह की इस अहम कामयाबी पर कालेज के मैनेजर विनय साह, प्रधानाचार्या शबनम अहमद समेत रश्मि पुरोहित, पुनम दूहन समेत क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दरमवाल और कालेज परिवार ने उन्हें बधाई दी है। क्रीड़ा विभाग के फुटबॉल कोच भगवत मेर समेत सुनील कुमार तथा कमल बिष्ट एव समस्त खेल प्रेमियों ने निहारिका को बधाई दी है और उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल के सोनू बिष्ट बने जिला उपाध्यक्ष



**नैनीताल ।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नैनीताल जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे द्वारा नैनीताल के युवा व्यवसायी सोनू बिष्ट को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

उनके मनोनय पर प्रदेश संगठन मंत्री रवैल सिंह आनंद, जिला संरक्षक जीत सिंह आनंद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश ढौंढियाल समेत किशन सिंह नेगी, मारुति नंदन साह सहित तमाम व्यापारियों ने बधाई दी है। मनोयन हुए जिला उपाध्यक्ष सोनू बिष्ट ने संगठन के हितों के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

### 260 छात्रवृत्ति के आनलाईन आवेदन पत्रों का किया भौतिक सत्यापन



**नैनीताल ।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर छात्रवृत्ति योजनाओं में पूर्व दशम तथा दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्रों का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसी भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि का भुगतान किया जाना है । बिष्टे के मुताबिक मंगलवार तक कुल 260 आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभी और कुल 629 छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाना शेष है।

### नए सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे ने कार्यभार संभाला



**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे द्वारा मंगलवार को भीमताल में मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल के पद पर अपना विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। कार्यवाहक ग्रहण के उपरांत उन्होंने विकास भवन भीमताल स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी से उन्हें अवगत कराया। इससे पूर्व जनपद में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण पर विकास भवन भीमताल स्थित विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी द्वारा उन्हें ग्रामय विकास विभाग सहित विकास से संबंधित विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया।



## सहायक आयुक्त भविष्य निधि को पौधारोपण अभियान से जोड़ा गुरुरानी ने

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 554वें दिन भी जारी रहा।

बता दें मंगलवार को हल्द्वानी में राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा ईपीएस 95 के तहत सेवानिवृत कर्मचारियों को 7500 प्लस डीए के तहत उप जिलाधिकारी कार्यालय में उप जिलाधिकारी के माध्यम से उसके बाद भविष्य निधि आयुक्त परिसर में दो घंटे का धरना प्रदर्शन किया गया। सहायक आयुक्त भविष्य निधि को पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए पौधे के साथ ज्ञापन दिया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह अधिकारी ने की संचालन समन्वयक जगत सिंह डोभाल ने किया। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष वालिया, बसंत जोशी, गोविंद मेहता, कुंवर सिंह कार्की, दिनेश जोशी, सतीश जोशी, दिनेश सांगुडी, श्याम सिंह खत्री, हरीश बृजवासी, आनंद सिंह गोनी सहित सेवानिवृत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपाई हेम आर्य ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और समाजसेवी हेम चंद्र आर्य ने मंगलवार को नैनीताल विधान सभा के दूरस्थ गांव नाईशिला और बेल गांव का भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पगुछ और फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान हेम ने ठंड से बचाव के लिए ग्रामीणों को कंबलों का वितरण किया,साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बीएसएनल का टावर तो लगा है मगर क्षेत्र में नेटवर्क नहीं आने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में हाईस्कूल तक ही विद्यालय है उसके बाद उन्हें पढने के लिए बच्चों को कालाढूंगी और हल्द्वानी स्थित इंटर कॉलेज तक जाना पड़ता है। समाजसेवी हेम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द वह इस विषय में मुखयमंत्री पुष्कर धामी और सांसद अजय भट्ट से वार्तालाप करेंगे और क्षेत्र की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जारी केंद्र और राज्य सरकार की जन योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों में खुशी की लहर देखी गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती,ग्राम प्रधान बेल ललिता मलाड़ा, पूर्व बीडीसी मेंबर खीम सिंह तड़ागी समेत मनोहर सिंह, अमर सिंह, भुवन उप्रेती, ईश्वरी दत्त, दलीप व खीम सिंह आदि मौजूद रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## नैनीताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा.जी.पी.साह नहीं रहे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहर के प्रतिष्ठित नागरिक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.जी.पी.साह का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने अपनी पत्नी प्रो. लता, पुत्री स्निग्धा और पुत्र डेरियस की मौजूदगी में सुबह 8 बजे अंतिम साँस ली। परिजनों के मुताबिक वह पिछले कुछ दिनों से सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे थे।



इससे पूर्व एक कठिन और लंबी बीमारी से सफ लतापूर्वक उबर कर वह पूरी तरह स्वस्थ हो गये थे और नैनीताल छावनी की कलीनिक में नियमित रूप से अपनी ड्यूटी देने लगे थे।मूलतः अल्मोड़ा के नंदादेवी के निवासी जीपी साह ईरान में काफ ी समय तक मेडिकल प्रैकटिस करने के बाद 80 के दशक के प्रारंभ में नैनीताल आ गये थे, अपने पेशेवर दायित्वों से इतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय थे और अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे थे। डा. साह की अन्तिम यात्रा दोपहर एक बजे उनके आवास ऋ तुराज होटल से प्रारंभ होगी,बाद में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। विधायक सरिता आर्य, पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, पीआरओ रुचिर साह तथा कुमाऊं विवि के प्रो. महेंद्र सिंह राणा तथा प्रो.ललित तिवारी सहित विभिन्न संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## रम्पुरा में फायरिंग प्रकरण में मुकदमा दर्ज,एक गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र के रम्पुरा इलाके में क्रिकेट खेल रहे युवकों पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी दी और दहशत फैलाने के लिए तमंचे से फायर भी झोंक किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया। जबकि अन्य की तलाश में पुलिस कार्रवाई कर रही रम्पुरा क्षेत्र निवासी शिवम कोली पुत्र बुद्धपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ समय पहले उसका कृष्णा गुप्ता, मोहित, काशी और अगम के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी रंजिश के चलते 19 जनवरी की शाम करीब 5 बजे जब शिवम अपने साथी इसान, शिवा और रवि के साथ ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहा था, तभी आरोपी वहां आ धमके। आरोप है कि वार्ड संख्या 21 निवासी मोहित मौर्य पुत्र रतलाल, कृष्णा गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता और अगम पुत्र पप्पू गुप्ता ने एकराय होकर उसे घेर लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

## महापौर ने निर्माणाधीन बस टर्मिनल का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

शहर की महत्वाकांक्षी परियोजना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार निर्माणाधीन बस टर्मिनल के कार्य को गति देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। महापौर ने निर्माण की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस दौरान उन्होंने टर्मिनल के दायरे में आ रहे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने और यात्रियों की सुविधाओं को तत्काल प्रभाव से सुधारने पर विशेष जोर दिया। बस टर्मिनल के निर्माण में हो रही देरी का संज्ञान लेते हुए महापौर,नगर आयुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्यदायी संस्था के एमडी इंदर कपूर से अब तक हुई प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और देरी के कारणों पर भी विस्तार से चर्चा की। अगले दो माह के भीतर बस टर्मिनल का संचालन विधिवत रूप से शुरू कर दिया जाएगा, जबकि परिसर में प्रस्तावित शॉपिंग मॉल के निर्माण में अभी करीब डे? से दो वर्ष का समय लग सकता है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए किच्छा बाईपास रोड की उन 48 दुकानों के भविष्य पर भी चर्चा की, जो बस टर्मिनल की जद में आ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर इन व्यापारियों के पुनर्वास के लिए एक ठोस योजना तैयार करेंगे। दुकानदार दशकों से यहां अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उनकी रोजी-रोटी को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के विजन को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की सभी ब ी और छोटी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टर्मिनल का मुख्य हिस्सा तैयार होगा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं इसका भव्य लोकार्पण करेंगे और इसे जनता को समर्पित करेंगे।

# अभिमत

## अन्याय की पराकाष्ठा

*कर्मचारियों को पेंशन के लिए फंड जमा करने के लिए न्यूनतम वेतन की सीमा में बदलाव की सिफारिश सरकार स्वीकार नहीं कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को वेतन सीमा बढ़ाने का आदेश दिया है। वर्तमान में 15 हजार रुपये सीमा निर्धारित है, इससे अधिक वेतन पाने वालों को ईपीएफओ योजना से बाहर रखा जाता है। लोकसभा की लोक लेखा समिति और ईपीएफओ की सब-कमेटी ने भी वेतन सीमा में बदलाव की सिफारिश की है।*

सरकारी क्षेत्र में स्थाई कर्मचारियों की संख्या निरंतर कम की जा रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारी के स्थान पर अस्थाई कर्मचारी, ठेकेदार के माध्यम से मानदेय पर नियुक्त कर्मचारी से काम चलाया जा रहा है। निजी क्षेत्र में ठेका प्रथा के तहत कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंतर्गत निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन निर्धारण की कोई व्यवस्था नहीं है। कर्मचारियों को पेंशन के लिए फंड जमा करने के लिए न्यूनतम वेतन की सीमा में बदलाव की सिफारिश सरकार स्वीकार नहीं कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को वेतन सीमा बढ़ाने का आदेश दिया है। वर्तमान में 15 हजार रुपये सीमा निर्धारित है, इससे अधिक वेतन पाने वालों को ईपीएफओ योजना से बाहर रखा जाता है। लोकसभा की लोक लेखा समिति और ईपीएफओ की सब-कमेटी ने भी वेतन सीमा में बदलाव की सिफारिश की है। इससे पहले वेतन सीमा साढ़े छह हजार थी। वेतन सीमा पर ही पेंशन का निर्धारण होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद पेंशन बढ़ाने पर संसदीय समिति का गठन किया था। समिति ने न्यूनतम पेंशन की सिफारिश की थी। दो दशक से अधिक समय बाद भी सिफारिश पर अमल नहीं हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2022 में वेतन सीमा में बदलाव की सेंट्रल बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। पिछले 70 साल में वेतन में बदलाव किसी भी पैमाने के हिसाब से लगातार नहीं किया गया। दरअसल वर्ष 1995 से पहले निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा नहीं थी। प्रोविडेंट फंड की सुविधा नियोक्ता की दया पर थी। अनेक बार वेतन से फंड काटकर ईपीएफओ में जमा तक नहीं किया जाता था। वर्तमान में कई संस्थानों पर ईपीएफओ का करोड़ों रुपये बकाया है। पेंशन के नाम पर इतनी कम राशि मिलती थी, जिससे दो दिन का भोजन भी संभव नहीं था। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक हजार रुपये न्यूनतम पेंशन का प्रावधान किया। उसके बाद पेंशनधारी अपने खून से लिखकर राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति देने का प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। हजारों कर्मचारियों का भुगतान नहीं किया गया लाखों करोड़ रुपये का फंड ईपीएफओ के पास है, फिर भी पेंशन में बढ़ोतरी नहीं करके अन्याय किया जा रहा है।

# कुविवि के गुरुजनों का बायोमैट्रिक उपस्थिति का विरोध

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में मंगलवार को परिसर के प्राध्यापकों को एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें विश्वविद्यालय की स्वायत्ता पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में तय किया गया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय की स्थापना 1973 हुई तथा तब से ही विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने स्वायत्ता के कारण ही पद्म भूषण तथा पद्मश्री, एफ एनए, एफ एनए एससी तथा एफआरएससी तथा एफ आरएसबी जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों को जीता तथा देश में विवि का नाम रोशन किया। बैठक में गुरुजनों ने कहा कि विश्वविद्यालय एकट तथा स्टेट ट्रूस्ट से चलते हैं। विश्वविद्यालय को स्वायत्ता बेहतर ज्ञान के सृजन तथा मानव संसाधन निर्माण के लिए दी गई। विश्वविद्यालय प्राध्यापक बायोमेट्रिक से उपस्थिति में असहयोग करेंगे जो नियम अनुकूल नहीं है। प्राध्यापकों ने कहा कि किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय में यह व्यवस्था लागू नहीं है तथा ऐसे नियमों को थोपने का वह विरोध करते हैं



प्राध्यापकों का यह भी कहना था कि हर 6 माह में संविदा का सेवा विस्तार शासन द्वारा किया जा रहा है जो व्यहारिक नहीं है। बैठक में प्रो. एल एम जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वायत्ता बनी रहनी चाहिए जबकि प्रो. एम सी जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय की आत्मा है स्वायत्ता। बैठक का संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। बैठक में प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल,प्रो. ज्योति जोशी तथा प्रो.लता पांडे ने भी विचार रखे। बैठक में यह तय हुआ कि प्राध्यापकों की उपस्थित धारित नियम से ही हो। इस संदर्भ कुलाधिपति, मुखयमंत्री तथा शिक्षा मंत्री ,सांसद तथा विधायक ,कुलपति तथा कुलसचिव तथा निदेशक को ज्ञापन भेजा गया है कि विश्वविद्यालय की स्वायत्ता बनी रहे जिससे ज्ञान का सृजन होता रहे। मोबाइल की उपयोग से बायोमेट्रिक उपयोग से डेटा की सेफ्टी पर भी चर्चा हुई। बैठक में बड़ी संखया में प्राध्यापक उपस्थित रहे। बैठक में तय हुआ कि विश्वविद्यालय बचाओ आंदोलन चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा।

## हावड़ा-काठगोदाम ट्रेन से निकला यात्री लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हल्द्वानी।** नीम करौली बाबा के दर्शन कर वापस घर लौट रहा एक व्यक्ति रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनीत कुमार दीक्षित (42 वर्ष), पुत्र गोपाल कृष्ण दीक्षित, निवासी मोहल्ला तारीन बहादुरगंज, निकट उत्सव मैरिज लॉन के पीछे, शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश), 2 जनवरी 2026 को सायं 09:47 बजे काठगोदाम ट्रेन से शाहजहांपुर के लिए रवाना हुए थे, लेकिन 5 जनवरी तक वे अपने घर नहीं पहुँचे। परिजनों द्वारा लगातार तलाश किए जाने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। इस संबंध में उनके भाई प्रदीप कुमार दीक्षित ने थाना जीआरपी काठगोदाम में गुमशुदगी की तहरीर सौंप कर मुकदमा दर्ज कराने का प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस द्वारा मामले को सीसीटीएनएस में दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। जीआरपी काठगोदाम पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को उक्त व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन या जीआरपी काठगोदाम से संपर्क करें।

# श्री मां पाषाण देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह में अखंड रामायण पाठ शुरु

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह में दूसरे दिन यानी मंगलवार को अखंड रामायण पाठ समेत विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसके चलते मंदिर परिसर समेत नगर का वातावरण भकतिमय बना रहा। समारोह समारोह के तहत बुधवार (आज) हवन समेत कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इससे पूर्व मंगलवार को मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में आचार्य पंडित भगवती प्रसाद जोशी व घनश्याम जोशी के संयोजकत्व में सुबह 9 बजे से गणेश पूजन, पंचागी कर्म, श्री पाषाणेश्वरी पूजन,श्री राम चंद्र जी परिवार का पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ की शुरुआत हुई। अपराह्न दो बजे भकतजनों को प्रसाद वितरित किया गया जबकि रात को सात बजे



मंदिर परिसर में मां पाषाण देवी की विशेष पंच आरती हुई। दिन भर चले धार्मिक अनुष्ठानों में यजमान ब्रजेश श्रीवास्तव, राजू नारंग, गिरीश साह, ए.डी.त्रिपाठी तथा अंबा दत्त तथा संजय वर्मा सपत्निक शामिल हुए। इसके साथ ही पंडित प्रशांत जोशी, कमल पाठक, हिमांशु, जोशी, हर्षित जोशी, बसंत पांडे व मोहित समेत प्रमोद सुयाल, अमित डालाकोटी, नवीन तिवारी, राजेश मिश्रा, गौरव जोशी, मोहित,आरुष, जिगर, राजेश, धीरज,गीता जोशी, कविता,विनीता, हेमा पंत, देवांश, मंजू रौतेला, रजनी चौधरी आदि भकतजन कार्यक्रमों को सफल बनाने में भकतिभाव से जुटे रहे।मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट के मुताबिक वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन यानी बुधवार (आज)सुबह 9 बजे से पूजन, अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन के बाद दो बजे से श्री मां का समिष्ट भंडारा शुरु होगा जो देर शाम तक चलेगा।

# फिल्मी दुनिया

## देशभक्ति की भावना से भरा बॉर्डर 2 का ट्रिब्यूट ट्रेलर रिलीज



*फिल्म बॉर्डर 2 का ट्रिब्यूट ट्रेलर आज मंगलवार को रिलीज हुआ है। यह देशभक्ति की भावना से भरा बेहद भावुक है, जिसे देखकर किसी की भी आंखें नम हो जाएंगी।*

*फिल्म बॉर्डर 2 जल्द रिलीज को तैयार है। फिलहाल इसका जोर-शोर से प्रमोशन चल रहा है। इस बीच मेकर्स ने आज मंगलवार को फिल्म का एक और ट्रेलर रिलीज किया है, जिसे ट्रिब्यूट ट्रेलर कहा गया है। यह काफी भावुक कर देने वाला है। ट्रेलर की शुरुआत में आवाज आती है, शादी में तो बुलाया नहीं तूने तो दुश्मन बुरा मान गया। इस पर दिलजीत कहते हैं, ये जो पंजाबी शादियां हैं न, ये लड़ाई के बिना होती नहीं हैं। इसके बाद गाना शुरू होता है, वो मिट्टी के बेटे। इस गाने के बोल और ट्रेलर में इसे जिस तरह फिल्माया गया है, वह दिल छू लेता है। टी-सीरीज फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर भी ट्रेलर साझा किया है। इसके साथ लिखा है, मिट्टी से जन्मे, मिट्टी के लिए अपना फर्ज निभाते गए। मिट्टी के बहादुर। फिल्म बॉर्डर 2, साल 1997 में रिलीज हुई बॉर्डर का सीक्वल है। इसमें सनी देओल, वरुन धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

*ट्रेलर पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। वो मिट्टी के बेटे गाना खूब पसंद किया जा रहा है। नेटिजन्स लिख रहे हैं, सिनेमाघरों में जब यह गाना चलेगा तो सबकी आंखें नम हो जाएंगी%। एक अन्य यूजर ने लिखा, %यह गाना लंबे वक्त तक याद रखा जाएगा।*

## ट्रोलिंग पर वरुण ने तोड़ी चुप्पी

*फिल्म बॉर्डर 2 की रिलीज से पहले वरुण धवन को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। इसे लेकर हाल ही में वरुण धवन ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, यह सब चीजें चलती रहती हैं। यह मेरे लिए मायने नहीं रखती। मैं इसके लिए काम नहीं करता। मैं जिसके लिए काम करता हूं, वह शुक्रवार को पता चलता है। लोग जब थिएटर में जाते हैं तो सब भूल जाते हैं, वे सिर्फ एंटरटेनमेंट चाहते हैं। मैं उस स्कूल से आता हूं, जहां आपका काम मायने रखता है।*

# रुद्रपुर में 14 फरवरी को होगा त्रिशूल चौक का शिलान्यास और विशाल शिव जागरण

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**रूपरेखा**
- महापौर और अमरनाथ सेवा मंडल ने तैयार की आयोजन की रुपरेखा

नगर को एक नई पहचान और दिव्य स्वरूप देने की दिशा में नगर निगम प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आगामी 14 फरवरी को नगर के प्रस्तावित 'त्रिशूल चौक' का भव्य शिलान्यास किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल के तत्वाधान में एक विशाल शिव जागरण का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए महापौर विकास शर्मा ने मंडल के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक कर आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की। महापौर ने कहा कि त्रिशूल चौक का शिलान्यास शहर के विकास और सांस्कृतिक गौरव के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम रुद्रपुर को एक दिव्य स्वरूप देने की योजना पर कार्य कर रहा है, जिसकी विधिवत शुरुआत त्रिशूल चौक से होने जा रही है। महापौर ने बताया कि इसके पश्चात शहर के अन्य प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को भी इसी प्रकार धार्मिक प्रतीक चिन्हों से सुसज्जित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि त्रिशूल की स्थापना के बाद शहर में प्रवेश करने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक नई सकारात्मक ऊर्जा और दिव्य अनुभव प्राप्त होगा। श्री अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि मंडल विगत कई वर्षों से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव जागरण और कांवरियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन करता आ रहा है। पूर्व में ये आयोजन गांधी पार्क और रामलीला मैदान में संपन्न होते थे, किंतु इस वर्ष त्रिशूल चौक के शिलान्यास के महत्व को देखते हुए आयोजन स्थल में परिवर्तन किया गया है। इस बार शिव जागरण और सेवा शिविर का आयोजन त्रिशूल चौक के समीप स्थित रिक्त भूखंड पर किया जाएगा। बैठक के दौरान आयोजन की सफलता के लिए पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस बैठक में मन्नू चुघ, बॉबी अरोड़ा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# आयोजन: घुघुतिया त्योहार में वेटलैंड एवं फिन्स बाया संरक्षण पर दिया जोर

## संजय वन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन,तराई के पक्षी नामक पुस्तक का भी विमोचन किया गया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड का प्रसिद्ध घुघुतिया त्योहार (मकर संक्रांति का स्थानीय रूप) इस बार पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा हुआ रहा। संजय वन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में वेटलैंड्स एवं फिन्स बाया (बुनकर पक्षी) जैसी दुर्लभ प्रवासी चिड़िया के संरक्षण पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कायक्रम में क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों के उत्साही विद्यार्थियों, वन विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय समुदाय ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संजय वन में प्रकृतिक एवं संस्कृति के संरक्षण को समर्पित "घुघुती त्यार" पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने प्रतिभाग किया। उन्होंने



पर्यावरण पर आधारित विभिन्न विद्यालय के छात्रों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर सराहना की। डीएम ने कहा कि यदि हम एक-दूसरे का साथ नहीं देंगे तो इकोसिस्टम गड़बड़ा जाएगा। जिससे महामारी एवं अन्य गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से हम नई पीढ़ी को सिखाते हैं और पर्यावरण संतुलन में अपनी भूमिका निभाते हैं। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में मनाया जाने वाला घुघुती त्यौहार केवल एक लोकपर्व नहीं, बल्कि बच्चों, प्रकृति और परंपराओं से जुड़ा एक भावनात्मक उत्सव भी है। त्योहार मनाने के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी करना चाहिए। वृक्षों से हमें शुद्ध श्वास वायु,पानी, स्वच्छ पर्यावरण मिलता है। पौधारोपण कर उनका संरक्षण भी करना होगा। ऑक्सीजन महत्वता को हम सभी ने कोरोना काल में देखा व समझा है, इसलिए हम सभी को एक पौधा अवश्य लगाकर उसका संरक्षण भी करना चाहिए। डीएम ने सांसद अजय भट्ट के निर्देशन में संजय वन को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक पर्यटक संजय वन आकर प्राकृतिक सौंदर्यता का आनन्द ले सकें। संजय वन में जानवरों से सुरक्षा की दृष्टि से फैन्सिंग की गई है ताकि जानवरों से पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाये। नेचर साइंस इनिशिएटिव की डॉ सौम्या प्रसाद ने विस्तार से बताया कि जनपद की वेटलैंड् उत्तराखंड का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन यहां एंक्रोचमेंट (अतिक्रमण), पास में खेती एवं अन्य गतिविधियों से इकोसिस्टम प्रभावित हो रहा है। घुघुतिया त्योहार केवल उत्तराखंड में ही चिड़ियों का त्योहार के रूप में मनाया जाता है, और हम इसे पूरे विश्व तक पहुंचाना चाहते हैं। यह त्योहार पारंपरिक रूप से कुमाऊं में कौवों को घुघुते खिलाकर मनाया जाता है, जो प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। इस दौरान बच्चों ने नेचर पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें गीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से पर्यावरण संदेश दिए गए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलायी गयी। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि वे हर संभव ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता फैलाते रहेंगे तथा पर्यावरण एवं इकोसिस्टम को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस दौरान तराई के पक्षी नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। यहां पर सीडीओ दिवेश शासनी डीएफओ यूसी तिवारी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती, उप प्रभागीय वन अधिकारी शशि देव, मंदीप कौर, वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम, डॉ. रमन कुमार,मुकेश कांडपाल, अपूर्ण जोशी, पूजा बिष्ट,डीएस नेगी, दिग्विजय सिंह,डॉ. कमलेश मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### कूड़े को लेकर महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर की चौकी बगवाडा क्षेत्र में दुकान पर बैठी महिला से गाली गलौज करते हुए मारपीट, विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी ली और पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मलसी निवासी माया ने पुलिस को बताया कि उसकी दुकान घर के सामने मलसी में स्थित है। जिसमें 5-7 दिन में जो भी कचरा इकटठा होता है, उसे जला दिया जाता है। पीड़िता के मुताबिक 17 जनवरी 2026 को करीब 9.30 बजे रात दुकान पर बैठी थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाली किरन पत्नी पप्पू, विद्या पत्नी बेचई राम कूड़े को लेकर गाली गलौच करने लगी। इसका विरोध किया तो उक्त किरन, विद्या, सत्री, मिट्ठू पुत्र बेचई राम आ गये। आरोप है कि उक्त लोगों ने अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये और कपड़े फाड़ दिये। शोर शराबा सुनकर उसकी बहू, पुत्र आ गये और लोगों से बचाया। बाद में धमकी देते हुए भाग गए।

# किच्छा विधायक बेहड़ ने आज शाम तक दिया पुलिस को अल्टीमेटम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पूर्व कैबिनेट मंत्री व किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित आवास पर आयोजित हुई बैठक में पुत्र व नगर निगम रुद्रपुर के पार्षद सौरभ बेहड़ पर हुए जान लेवा हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर कांग्रेस पार्टी में आक्रोश जताया।

साथ ही पुलिस के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी। विधायक बेहड़ ने पुलिस को आज शाम तक अल्टीमेटम दिया है। मंगलवार दोपहर को बेहड़ के आवास विकास स्थित आवास पर हुई बैठक में वक्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते घटना की कड़ी निन्दा की।

वक्ताओं ने कहा कि पुलिस अभी तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। समाचार लिखे जाने तक बैठक जारी थी और समर्थक पहुंच रहे थे।जसपुर विधायक आदेश चौहान, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़,



पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन,हरभजन सिंह, पूर्व विधायक नारायण पाल,परिमल राय, दर्शन कोली, किच्छा कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी,गिरीश साहनी, शाहनवाज खान, गुलशन सिंधी, शैलेन्द्र ग्रोवर, लखविंदर बेदी, पुरुततम अरोरा,हरीश बाबरा,उमर अली, साजिद खां, रंजीत तिवारी, ओमप्रकाश अरोरा, किन्नू शुक्ला, इंद्रजीत सिंह, प्रशांत शाही, राजेश प्रताप सिंह,विजय जग्गा, दिनेश पंत,जनार्दन शर्मा, पप्पू चावला,निरोद अधिकारी, सुशील गाबा,विजय यादव, दीपक गुगलानी, विक्की सिंह,महेश बब्बर,राकेश सुखीजा, विशाल भुडडी,विजय विरमानी,बाबी अरोरा, बंटी अरोरा, दिलराज सिंह, ममता हलदार,आशित बाला,समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

बैठक के बाद बेहड़ ने पुलिस को खुलासा को आज शाम तक अल्टीमेटम दिया है। समय पूरा होने के बाद निर्णय लिया जाएगा। संचालन संजय जुनेजा ने किया।

# हल्द्वानी में चंदन की चोरी, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के रामपुर रोड स्थित डालाकोटी कंपाउंड क्षेत्र में बीती रात चंदन के एक पेड़ की कटान और चोरी की घटना ने पुलिस की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 20 जनवरी को रात लगभग 12:30 बजे से तड़के 3बजे से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने एक आवासीय परिसर में लगे चंदन के पेड़ को काट डाला और उसका कीमती हिस्सा चोरी कर लिया।

पीड़ित उमेश चंद्र डालाकोटी पुत्र जगदीश चंद्र डालाकोटी, निवासी डालाकोटी कंपाउंड, रामपुर रोड, हल्द्वानी ने बताया कि चंदन का पेड़ पूरी तरह काटकर जमीन पर गिरा दिया गया, जिसके बाद उसका बहुमूल्य भाग चोरी कर लिया गया। यह घटना उस क्षेत्र में हुई जहाँ आवासीय घनत्व अधिक है, इसके बावजूद चोरों द्वारा इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देना पुलिस गश्त पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

पीड़ित द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है तथा अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है। हालांकि, घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में न तो कोई प्रभावी जांच दिखाई दी और न ही चोरी गए चंदन की बरामदगी को लेकर कोई ठोस जानकारी सामने आई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चंदन जैसी कीमती लकड़ी की चोरी बिना किसी संगठित गिरोह और रेकी के संभव नहीं है, इसके बावजूद पुलिस की ओर से सक्रियता का अभाव चिंताजनक है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो इस प्रकार की घटनाएं भविष्य में और बढ़ सकती हैं।

अब देखने वाली बात यह होगी कि कोतवाली पुलिस इस मामले में कितनी तत्परता से कार्रवाई करती है और क्या चोरों तक पहुंचने में सफल हो पाती है या यह मामला भी फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगा।

# सीएम धामी ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन से मुलाकात कर स्वागत किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बधाई दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नितिन नवीन को यह महत्वपूर्ण दायित्व मिलना उनके संगठनात्मक कौशल, सतत परिश्रम एवं पार्टी के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। सीएम धामी ने कहा कि नितिन नवीन एक अनुभवी, कर्मठ एवं दूरदर्शी नेता हैं, जिनके कुशल नेतृत्व में भाजपा संगठन नई ऊँचाइयों को छुएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी देशभर में संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा सेवा, सुशासन और विकास के अपने संकल्प को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक मूल्यों एवं अंत्योदय के सिद्धांत पर आधारित राजनीति करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी संगठन नई ऊर्जा, नई दिशा और नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में संगठन और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा। सीएम धामी ने कहा कि नितिन नवीन के नेतृत्व में युवाओं, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता और बढ़ेगी तथा पार्टी का जनाधार और अधिक विस्तृत होगा। उन्होंने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के सफल, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की कामना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किच्छा विधायक के पुत्र पर कायराना हमला करार दिया

रुद्रपुर। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने प्रेस को जारी बयान में पूर्व मंत्री व किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के पुत्र सौरव राज बेहड पर हुए हमले को कायराना हमला करार देते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस ने शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार ने किया तो रुद्रपुर का बाजार बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए पर किसी पर जानलेवा हमला स्वीकार नहीं है, सौरभ राज बेहड पर हुए हमले से आम व्यक्ति मे ये भय पनप रहा है।

# कंपनी के आपरेटर की सड़क हादसे में मौत

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**घटना**

- ड्यूटी से वापस लौटते समय रास्ते में अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था

कोतवाली पंतनगर क्षेत्र सिडकुल की एक एक कंपनी के आपरेटर को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में घायल आपरेटर को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक पंतनगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक युवक घायल अवस्था में पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक की पहचान नगला गोल गेट निवासी 38 वर्षीय परमेश्वर ठाकुर पुत्र आत्मा ठाकुर के रूप में हुई। मृतक के परिजन भी पहुंच गए?। पुलिस के मुताबिक मृतक सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत आपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वह रात की ड्यूटी को समाप्त कर बाईक से घर जा रहा। रास्ते में अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। अस्पताल में पहुंचाया गया था। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। फिलहाल पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर नहीं मिली है। उधर मृतक के दो बेटे हैं। परिवार में कोहराम मच गया।

# कुमाऊं विवि महिला फुटबॉल टीम की चयन प्रक्रिया शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के तत्वावधान में मंगलवार से कुमाऊँ विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल ट्रायल का आयोजन किया गया।

इस ट्रायल में एम.बी.पी.जी कॉलेज हल्द्वानी, सरदार भगत सिंह कॉलेज रुद्रपुर, पीएनजी कॉलेज रामनगर तथा डीएसबी परिसर नैनीताल की टीमों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. प्रो.दीवान सिंह रावत द्वारा किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा प्रेरणादायक उद्बोधन के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर परिश्रम तथा अनुशासन एवं लगन के साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय की टीम को नॉर्थ ज़ोन प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु शुभकामनाएँ प्रदान कीं। इस अवसर पर प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा बॉटनी के विभागाध्यक्ष प्रो0. ललित तिवारी द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस दौरान कुविवि के प्रभारी क्रीड़ाधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने जानकारी दी कि चयनित खिलाड़ी आगामी माह पंजाबी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा आयोजित नॉर्थ ज़ोन महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में कुमाऊँ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में पूर्व सन्तोष ट्रॉफ ी खिलाड़ी महेन्द्र सिंह फ र्सवाण, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ.राजेश कुमार, डॉ.अजय सिंह, डॉ.लोकेश पांडे, नवीन चंद्र जोशी, नरेन्द्र कुमार, अपूर्व बिष्ट, भगवत सिंह, भास्कर आर्या, अतुल कुमार, जीवन सिंह बिष्ट, अनीता रावत, महेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

